'एडॉप्ट ए स्कूल' योजना में गोद लेंगे सरकारी स्कूल

यूटीयू की पहल, बच्चों की गतिविधियों का विवरण विवि पोर्टल पर उपलब्ध होगा

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने एडॉप्ट ए स्कूल योजना शुरू किए जाने का निर्णय लिया है। प्रदेश के राजकीय प्राइमरी, माध्यमिक स्कूलों में अध्ययनरत सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह योजना है। विवि के परिसर संस्थानों एवं संबद्ध संस्थानों के माध्यम से इस योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। स्कूल के बच्चों के साथ होने वाली गतिविधियों का विवरण विवि पोर्टल पर उपलब्ध होगा।

विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि तकनीकी विवि में अध्ययनरत छात्रों में समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने, उच्च शिक्षा में बेहतर संभावनाओं की तलाश, सूचना प्रौद्योगिकी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, कंप्यूटरी ज्ञान, कैरिअर संभावना, स्वास्थ्य के साथ ही कानूनी जानकारी सहित अनेकों विषयों पर प्रेरित किया जाएगा। मा.सि.रि.

मेंटी इंस्टीट्यूट बनेंगे

इस योजना के तहत विवि के परिसर संस्थान और संबद्ध सभी संस्थान मेंटर इंस्टीट्यूट और स्कूल मेंटी इंस्टीट्यूट के रूप में जाने जाएंगे। योजना के तहत प्रथम चरण में विवि के सभी संस्थान कम से कम दो और अधिकतम पांच राजकीय प्राइमरी, माध्यमिक स्कूलों को चयनित कर गोद लेंगे और अवकाश के दिनों में जाकर स्कूली छात्रों को जागरूक करेंगे।